## जाली और मनगढ़ंत दस्तावेजों का उपयोग करके गुरुग्राम में प्लॉट बेचा था

# पांच करोड़ 78 लाख की ठगी में शामिल महिला समेत दो दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

आर्थिक अपराध शाखा ने 5 करोड़ 78 लाख की धोखाधड़ी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम मास्टरमाइंड सलमान और रानी कपूर बताये गये हैं। इन्होंने जाली और मनगढ़ंत दस्तावेजों का उपयोग करके गुरुग्राम में प्लॉट बेच दिया था।



पुलिस के अनुसार अजय कुमार अग्रवाल ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उनके साथ मोहम्मद सलमान द्वारा 5 करोड़ 78 लाख की धोखाधड़ी की है। सलमान ने गुरुग्राम स्थित एक प्लॉट की बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी की थी। सलमान उन्हें जानते थे और उन्होंने डी ब्लॉक, साउथ सिटी- I, गुरुग्राम, हरियाणा में 1340 गज के प्लॉट की बिक्री के लिए पहाड़गंज स्थित उनके कार्यालय से संपर्क किया था। प्लॉट दिल्ली के शास्त्री नगर निवासी सुशील की पत्नी रानी कपूर (बदला हुआ नाम) के नाम पर था। सलमान ने उन्हें उक्त संपत्ति के पूरे चेन के साथ मूल दस्तावेज दिखाए। इसके बाद शिकायतकर्ता ने दस्तावेजों के आधार पर आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से 5 करोड़ रुपये का लोन प्राप्त किया। उक्त संपत्ति के लिए बिक्री विलेख 5 करोड़ 40 लाख रुपये में निष्पादित किया गया था। शिकायतकर्ता ने 38 लाख रुपये का पंजीकरण के समय स्टांप शुल्क भी दिया था। लेकिन जब शिकायतकर्ता ने उक्त संपत्ति का दौरा किया तो वह वहां लगे एक बोर्ड को देखकर हैरान रह गया, जिसमें लिखा था कि यह संपत्ति कविता शर्मा (बदला हुआ नाम) की है। जब उन्होंने मोहम्मद सलमान के सामने यह मुद्दा उठाया। सलमान ने बताया कि उक्त डिस्प्ले बोर्ड उन्होंने ही लगवाया है। शिकायतकर्ता को गुरुग्राम कोर्ट से एक नोटिस भी मिला जिसमें मूल मालिक कविता शर्मा ने रानी कपूर द्वारा उनके नाम पर निष्पादित बिक्री विलेख को रद्द करने की मांग के लिए मामला दायर किया था। ठगा महसूस होने पर आर्थिक अपराध शाखा में शिकायत दर्ज की गई। प्रारंभिक जांच के बाद 16 दिसंबर 2024 को एफआईआर दर्ज की गई। जांच में संपत्ति का मालिकाना हक कविता शर्मा के पास पाया गया। उन्होंने कभी भी रानी कपूर को संपत्ति नहीं बेची थी। सेल डीड गलत जानकारी का उपयोग करके बनाया गया था। संपत्ति का कब्जा अभी भी कविता शर्मा के पास है। सलमान को 28 फरवरी को करोल बाग से गिरफ्तार किया गया। वहीं रानी कपूर को 1 मार्च को पकड़ा गया।

## सिपाही की सरकारी बाइक लूटने का प्रयास करने वाले एनकाउंटर में दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल से बंदूक की नोक पर सरकारी मोटरसाइकिल लूटने का प्रयास करने वाले दो शातिर अपराधियों को उत्तरी जिले के स्पेशल स्टाफ ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये कृष्णा झा और इंतजार कुरैशी नामक बदमाश पुलिस की गोली से घायल भी हुये हैं।



■ दोनों बदमाश पुलिस की गोली लगने से हुये घायल

पुलिस के अनुसार दोनों बदमाश वजीराबाद थाना एरिया के डकैती मामले में भी वांछित थे। दोनों अपराधियों ने 26 फरवरी को आउटर रिंग रोड पर चेकिंग के लिए रोके जाने के दौरान सिपाही की जगुआर मोटरसाइकिल बंदूक की नोक पर लूटकर भागने की कोशिश की थी। आरोपी बाहरी रिंग रोड पर एक डकैती को अंजाम देने वाले थे। इनके पास से एक ऑटोमेटिक पिस्टल, एक देशी कट्टा, दो खाली खोखे, एक जिंदा कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। इससे पहले सलमान नामक बदमाश को हरियाणा के सोनीपत से पकड़ा गया था। पकड़े गये दो बदमाश तिमारपुर क्षेत्र के तारा चौक, गांधी विहार के पास से पकड़े गये। दोनों मोटर साइकिल पर सवार थे। दोनों संदिग्धों ने पैदल भागने की कोशिश की थी। मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने उन्हें ललकारा जिसके बाद दोनों संदिग्धों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। एसआई मनोज गोली से बाल बाल बच गये, जबकि दूसरी गोली एएसआई जगोम की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने भी गोलियां चलाई, जिनमें से दो संदिग्धों के पैरों में लगी।

## आग में एक की जिंदा जलकर मौत



**नई दिल्ली।** मोतिया खान इलाके में रविवार दोपहर एक चार मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। एक शख्स की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग बुझाने के दौरान हुये सिलेंडर ब्लास्ट में दो फायरकर्मी भी गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवा मामले की जांच शुरू कर दी है। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया कि कंट्रोल रूम को दोपहर तीन बजे मोतिया खान के हाउस नंबर 10554 में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर चार फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को भेजा गया। आग बुझाने के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट होने के कारण स्टेशन ऑफिसर रविंद्र सिंह और फायर ऑपरेटर वेद गंभीर रूप से घायल हो गए। 4 बजकर 20 मिनट पर आग पर काबू पाया गया। एक शख्स की जली हुई बॉडी चौथी मंजिल से बरामद हुई है। मृतक की अभी पहचान नहीं हो सकी है। स्थानीय पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

## खबर संक्षेप



### 85 लाख की एमडीएमए ड्रग बरामद, तीन पकड़े

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 170 ग्राम एमडीएमए बरामद हुई है। इसे रेव पार्टी ड्रग के रूप में भी जाना जाता है। आमतौर पर पार्टियों में इस ड्रग्स का उपयोग होता है। जब्त एमडीएमए की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 85 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी महिपालपुर क्षेत्र में इसकी आपूर्ति करते थे। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार नशा मुक्त दिल्ली अभियान के तहत जिले में ड्रग तस्करों और आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हाल ही में टीम को एमडीएमए आपूर्तिकर्ताओं के बारे में सूचना प्राप्त हुई। इसके बाद तीन लोगों को मसूदपुर गांव के पास रोका गया। उन्होंने अलग-अलग दिशाओं में भागने का प्रयास किया। टीम ने दो लोगों को पकड़ लिया, जबकि तीसरा संदिग्ध भाग निकला। पूछताछ करने पर पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान राहुल और एस.के. साबिर के रूप में हुई। दोनों वर्तमान में मसूदपुर गांव में किराए के मकान में रह रहे थे। पूछताछ में फरार होने वाले शख्स का नाम मोहम्मद बाबुल पता चला। इनकी निशानदेही पर फरार अभियुक्त बाबुल को भी पकड़ लिया गया। निरंतर पूछताछ के दौरान उसने कुछ विदेशी नागरिकों के साथ अपने संबंधों का खुलासा किया।

### 73 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अलीपुर थाने के 73 लाख की धोखाधड़ी के मामले में वांछित एक आरोपी को अपराध शाखा द्वारा गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मोहित के खिलाफ कोर्ट द्वारा धारा 84 बीएनएसएस के तहत भी कार्यवाही जारी है। इसे जींद से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार गत वर्ष अलीपुर थाने में केस दर्ज होने के बाद से ही मोहित गिरफ्तारी से बच रहा था। 5 जून 2024 को राम निवास नामक शख्स ने मोहित पर आरोप लगाया था कि उसने सिंघू गांव स्थित एक भूखंड को बेचने का वादा करके उसके साथ धोखाधड़ी की है। आरोपी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता से 73 लाख रुपये हड़पे थे। हाल ही में पुलिस को इसकी लोकेशन उचाना मंडी, जींद में मिली थी। जाल बिछाकर मोहित को पकड़ लिया गया। मोहित का जन्म और पालन-पोषण हरियाणा के सोनीपत में हुआ और वह ग्रेजुएट है। वह प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था। प्रॉपर्टी डीलिंग की आड़ में भोले-भाले लोगों को ठगी का शिकार भी बनाता था।

## अदालत ने 2015 के अपहरण मामले में पांच लोगों को किया बरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने 2015 के अपहरण मामले में पांच लोगों को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष ने जो सबूत पेश किए उनपर विश्वास नहीं किया जा सकता और उन पर संदेह पैदा होता है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अतुल अहलावत ने 24 फरवरी को अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्य स्वीकार करने योग्य नहीं हैं और उन पर गंभीर संदेह है। वे किसी भी तरह भरोसे के लायक नहीं हैं। अदालत ने आरोपी व्यक्तियों रिजवान, रोहित, सलीम, गुलजार और शेरा को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध को साबित करने में बुरी तरह विफल रहा। अभियोजन पक्ष के अनुसार राजेंद्र गुप्ता का 12 जुलाई 2015 को



अपहरण कर लिया गया था और उनके दामाद को फोन करके 30,000 रुपये की फिरौती मांगी गई थी। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष का मामला राजेंद्र गुप्ता, उनके दामाद एवं शिकायतकर्ता अनिल कुमार और बेटे प्रदीप गुप्ता की गवाही पर टिका था, लेकिन तीनों ने अभियोजन पक्ष के बयान का समर्थन नहीं किया और विभिन्न पहलुओं पर उनके बयान विपरीत पाए गए।

## परिवहन आपरेटरों ने केंद्र से पंजीकरण और फिटनेस शुल्क में वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

व्यावसायिक वाहनों के आपरेटरों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि पंजीकरण व फिटनेस शुल्क में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए। इस मुद्दे को लेकर ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने बताया कि पंजीकरण और फिटनेस शुल्क में वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन भेजा है। कपूर ने बताया कि 7 फरवरी, 2025 की मसौदा अधिसूचना संख्या जीएसआर 124(ई) में उल्लिखित है। पीएम नरेंद्र मोदी और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को एक औपचारिक ज्ञापन में, हमने सरकार से देश भर के लाखों ट्रक चालकों, छोटे ट्रांसपोर्टरों और फ्लीट ऑपरेटर्स के हित में प्रस्ताव वापस लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि



सरकार के इस कदम से ट्रांसपोर्टरों पर अनुचित वित्तीय बोझ पड़ेगा, जिससे कहीं न कहीं महंगाई बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि परिवहन उद्योग पहले से ही उच्च ईंधन कीमतों, अत्यधिक टोल शुल्क, बढ़ती बीमा लागत और जटिल नियामक अनुपालन का सामना कर रहा है। यह अतिरिक्त वृद्धि छोटे और मध्यम ट्रांसपोर्टरों को गंभीर रूप से प्रभावित करेगी, जिससे कई बंद होने के कगार पर पहुंच जाएंगे। बढ़ी हुई लागत अंततः उच्च माल ढुलाई दरों, ईंधन मुद्रास्फीति के रूप में पारित की जाएगी और व्यवसायों और उपभोक्ताओं को समान रूप से प्रभावित करेगी। उन्होंने बताया कि ट्रक उद्योग ने संगठन के जरिए सरकार से अपील की है कि प्रस्तावित वृद्धि को वापस लेने और इसके बजाय वैकल्पिक, व्यावहारिक समाधानों पर विचार करे। उन्होंने बताया कि संगठन ने सुझाव दिया है कि जैसे अचानक भारी वृद्धि के बजाय चरणबद्ध या कम वृद्धि। अपने वाहनों को बनाए रखने वाले अनुपालन करने वाले ट्रांसपोर्टरों के लिए छूट या प्रोत्साहन। कर लाभों के माध्यम से पर्यावरण के अनुकूल और ईंधन-कुशल परिवहन को प्रोत्साहित करना। ट्रकिंग उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जो पूरे देश में माल की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करता है। हालांकि, इस तरह के अनुचित वित्तीय बोझ छोटे ट्रांसपोर्टरों को पंगु बना देंगे, आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करेंगे और पूरी अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डालेंगे। हम माननीय प्रधानमंत्री और माननीय परिवहन मंत्री से अपील करते हैं कि वे ट्रांसपोर्टरों और देश की अर्थव्यवस्था के व्यापक हित में इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार करें और इसे वापस लें।

## एबीवीपी ने की निंदा, एसएफआई के आरोप बताएं निराधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

■ समिति के गठन की मांग के साथ कानूनी कार्रवाई करेंगे सुनिश्चित

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) द्वारा अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली में हाल ही में हुई घटनाओं को लेकर फैलाए जा रहे झूठे और निराधार आरोपों की कड़ी निंदा करता है तथा इन आरोपों को पूरी तरह से असत्य और राजनैतिक लाभ के उद्देश्य से प्रेरित मानता है। एबीवीपी विश्वविद्यालय प्रशासन से इन घटनाओं के दोषियों पर सख्त कार्रवाई हेतु निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच के लिए प्रॉक्टोरियल समिति के गठन की मांग करता है। एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि स्पष्ट मत है कि ये आरोप संगठन की छवि को धूमिल करने और छात्र समुदाय को भ्रमित करने के लिए एक सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा हैं, जिसके खिलाफ हम शिकायत दर्ज कर ऐसे झूठ और अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। एबीवीपी इन आरोपों का पूरी तरह से खंडन करता है और दोहराता है कि संगठन के कार्यकर्ताओं का पूर्वोत्तर के छात्रों पर कथित हमले, कश्मीरी गेट परिसर में एक क्वीयर छात्र के खिलाफ हिंसा एवं बीए ग्लोबल स्टडीज की कक्षा में एक छात्रा को डराने-धमकाने की घटनाओं से कोई संबंध नहीं है। इन घटनाओं से एबीवीपी को जोड़ने का कोई भी प्रयास केवल राजनीतिक लाभ के लिए किया गया दुष्प्रचार है। एबीवीपी अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली में एक सुरक्षित, समावेशी और स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा विद्यार्थी समुदाय से आग्रह करता है कि वे विभाजनकारी राजनीति से दूर रहें तथा सत्य एवं न्याय का समर्थन करें।

### पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने भगवान वाल्मीकि के दर्शन कर सभी की सुख समृद्धि कामना की



**नई दिल्ली।** पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने रविवार को नई दिल्ली के मंदिर मार्ग स्थित महर्षि वाल्मीकि के दर्शन कर सभी की सुख समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य कामना की। वहीं पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने रविवार को कनॉट प्लेस स्थित दिगंबर जैन मंदिर में दर्शन कर बालयोगी आचार्य मुनि श्री 108 सौभाग्य सागर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्री प्रवेश वर्मा ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर तस्वीरों को शेयर कर लिखा कि वाल्मीकि मंदिर, मंदिर मार्ग नई दिल्ली में भगवान वाल्मीकि के दर्शन कर सभी की सुख समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। साथ में महामंडलेश्वर स्वामी कृष्ण शाह विद्यार्थी महाराज का भी अमूल्य आशीर्वाद प्राप्त हुआ। वहीं पीडब्ल्यूडी मंत्री एक अन्य पोस्ट में लिखा कि रविवार को राजा बाजार, कनॉट प्लेस स्थित दिगंबर जैन मंदिर में दर्शन कर परम पूज्य बालयोगी आचार्य मुनि श्री 108 सौभाग्य सागर महाराज का स्नेह एवं आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। भगवान महावीर स्वामी और सभी तीर्थंकरों ने अहिंसा, अपरिग्रह और जीव कल्याण का दिव्य संदेश दिया, जो संपूर्ण मानवता के लिए पथप्रदर्शक है। जैन धर्म के ये सिद्धांत न केवल आध्यात्मिक उन्नति के आधार हैं, बल्कि वर्तमान समय में शांति, सद्भाव और समरसता के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। आज, जब संसार में अशांति और मतभेद बढ़ रहे हैं, तब तीर्थंकरों की शिक्षाएं विश्व के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती हैं। इन दिव्य उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पूज्य मुनिराज करते आए हैं, जिनकी वाणी और संगति से ज्ञान, शांति और आध्यात्मिक प्रकाश का संचार होता है।

### हमने प्रदूषण कम करके साल में 209 दिन साफ हवा दी, भाजपा सरकार इसे बढ़ा कर दिखाए : राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने रविवार को कहा कि 2016 में दिल्ली को 365 में से सिर्फ 109 दिन साफ हवा मिलती थी। 'आप' सरकार ने प्रदूषण कम किया और पिछले साल लोगों को 209 दिनों तक साफ हवा मिली। अब दिल्ली में भाजपा सत्ता में है। हम चाहते हैं कि वह अच्छे दिनों की संख्या 209 से बढ़ाकर 309 दिनों तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि अब केंद्र के साथ पूरे एनसीआर में भाजपा की सरकार है। वह दिल्ली के चारों तरफ धुंआ फैला रहीं डीजल बसों बंद कराए और पूरे एनसीआर में सिर्फ इलेक्ट्रिक बसों का संचालन करवाए। जहां हमारे सहयोग की जरूरत होगी, हम अवश्य करेंगे। राय ने कहा कि दिल्ली में अच्छे दिनों की संख्या बढ़ाने के लिए पर्यावरण मंत्री को कार्ययोजना बनाने की जरूरत है। केंद्र में भाजपा की सरकार रहने के बावजूद हमारी सरकार ने दिल्ली में 2 हजार इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर चलाई। हम चाहते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार से कहीं ज्यादा भाजपा की सरकार इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर उतारे। राय ने कहा कि भाजपा शासित दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में भी इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएं, ताकि दिल्ली में प्रदूषण का स्तर और कम हो सके। राय ने कहा कि हम चाहते हैं कि दिल्ली के नए पर्यावरण मंत्री भी दिल्ली के ग्रीन बेल्ट को बढ़ाने के मिशन में लगें और इसे 23.6 फीसद से बढ़ाकर 25 फीसद तक कर दें।

## डीटीसी अपने यात्रियों को कर रही है जागरूक

सत्यप्रकाश ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) अपने यात्रियों को जागरूक करने के लिए इन दिनों डिजिटल मंच एक्स पर प्रचार प्रसार कर रहा है। डीटीसी के एक अधिकारी के अनुसार यात्रियों द्वारा निगम बसों में यात्रा करने को हमेशा प्राथमिकता दी जाती रही है। समय के साथ डीटीसी भी डिजिटल तरीकों को अपना रही है। अधिकारी ने बताया कि अब अगर आपको डीटीसी बसों में यात्रा करनी है तो और भी आसान होती जा रही है। अब आपको अगर डीटीसी बस के लिए पास बनवाना हो या टिकट की बात हो तो आपको लाइन में नहीं लगना। अब डीटीसी का पास अथवा टिकट ऑनलाइन तरीके से प्राप्त किए जा सकते है। अधिकारी ने बताया कि कोई भी यात्री बेहद आसान तरीकों को अपनाकर बिना झंझट यात्रा कर सकता है। बतौर अधिकारी एक है डिजिटल यानी क्यूआर टिकट खरीदना। इसके लिए अपने मोबाइल में वन दिल्ली चार्टर या टुम्मोक एप के जरिए बस में लगे क्यूआर कोड को स्कैन करें और तुरंत डिजिटल टिकट तैयार। दूसरा तरीका है कि डीटीसी की अधिकृत वेबसाइट पर जाकर आवेदन करें। जिसके बाद सिस्टम एक पास जनरेट कर देगा और वह आपके मोबाइल पर एसएमएस में लिंक भेजगा। इस लिंक पर क्लिक करते ही अपना ई बस पास आपके सामने होगा। अधिकारी ने बताया कि धीरे धीरे इन तरीको से यात्रा करने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। क्योंकि इन तरीको से कंडक्टर व यात्री के बीच खुले पैसे अथवा पैसे लेकर टिकट नहीं देने जैसे विवाद भी लगभग समाप्त हो गए है। वहीं यात्री को पास बनवाने के लिए लंबी लंबी लाइनों में लगने से छुटकारा मिल चुका है। किसी भी प्रकार से नकद भुगतान से मुक्ति मिली है। वहीं सबसे बड़ा फायदा यह है कि इन तरीको से यात्रा करने पर डीटीसी की तरफ से 10 प्रतिशत की छूट भी मिलती है। अधिकारी ने बताया कि अब बस में चढ़ो, और सफर का मज़ा लो वो भी बिना किसी झंझट के यानी क्लीन, ग्रीन और डिजिटल दिल्ली के साथ चलो आराम से। बता दें कि वन एप कॉमन टिकटिंग का बेहतरीन ऐप है। लेकिन डीटीसी की घटती बसों की संख्या, पुरानी बसों के चलते कहीं भी खराब होने से होने वाली परेशानी सहित अन्य कई मुद्दे हैं जिससे डीटीसी में यात्रा करने वालों की संख्या में कमी आ रही है। ऐसे में डीटीसी प्रचार का सहारा लेकर यात्रियों को लुभाने की कोशिश कर रही है।



■ ई टिकट सहित अन्य सेवाओं का कर रहे है प्रचार

## नहीं किया गया टेंडर नियमों की शर्तों का पालन

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी सड़क, अभी कछुआ चाल से हो रहा मरम्मत कार्य

दया राम ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली देहात में 'विकास कार्यों की देखरेख करने वाला कोई नहीं है' और इसी के चलते देहात में होने वाले अधिकतर विकास कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते हैं। दिल्ली देहात के नरेला, बवाना और बुराड़ी क्षेत्र की बात करे तो पिछली सरकार में अनेकों कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े और विपक्ष में बैठे भाजपा नेताओं ने दिल्ली सरकार की जमकर पोल खोली और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। बता दें कि ऐसा ही एक मामला नरेला विधानसभा के अंतर्गत बख्तावरपुर वार्ड के सिंघु गांव से सामने आया है। यहां ताजपुर




गांव की तरफ जाने वाला मार्ग साल भर में ही टूट कर बदहाल हो गया। इसके साथ ही नहर में वाहन आदि न गिर जाए, इसके लिए बनाई गई सुरक्षा दीवार भी कई जगहों से टूट गई। जब कई जनप्रतिनिधियों से

### जान जोखिम में डालकर करना पड़ रहा है आवागमन

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि समय रहते हुए दिल्ली सरकार के मंत्रालय, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग यानी फ्लड विभाग को मीडिया के माध्यम से यह जानकारी भी दी गई लेकिन इस तरफ प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया और फिर बारिश में बाकी मार्ग भी टूटने लगा और सुरक्षा दीवार में दरारें आ गई है और नहर में दीवार टूट कर गिर गई। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनाते समय परियोजना को लेकर नियमों व शर्तों का पालन किया गया होता तो आज सड़क की ऐसी बदहाल हालत नहीं होती और अब लोगों को जान जोखिम में डालकर यहां से आवागमन करना पड़ रहा है।

### सड़क निर्माण परियोजना दो साल भी नहीं चल पाई

ग्रामीणों का कहना है कि नरेला विधानसभा के अंतर्गत आने वाली एक करोड़ रुपए से अधिक की इस सड़क निर्माण परियोजना में फ्लड विभाग ने खूब भ्रष्टाचार किया और इसका परिणाम साल भर भीतर ही दिखना शुरू हो गया। कहें तो सड़क जगह जगह से टूटने लगी और नहर के साथ बनाई की सुरक्षा दीवार नहर में जाकर गिरने लगी। वहीं, जब दिल्ली के उपराज्यपाल का वहां कुछ परियोजनाओं के शुभारंभ के सिलसिले में आना हुआ तो वहां सड़क के दोनों तरफ सूचना बोर्ड लगा दिए गए जिस पर लिख दिया गया कि 'आगे रास्ता खराब है कृपा इस रास्ते का प्रयोग न करे, धन्यवाद' और मजे की बात यह रही कि इस पर किसी भी विभाग का कोई नाम नहीं है।

ग्रामीणों ने इस संबंध में बताया तो यहां मरम्मत का कार्य तो शुरू हो गया लेकिन इसकी गति कछुआ चाल की तरह है। वहीं, बता दें कि इस सड़क निर्माण कार्य में बरती गई अनियमितताओं को लेकर कई बार संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन कोई सुधार कार्य नहीं हुआ।

खबर संक्षेप

## गुप्ता आज उपराज्यपाल से मिलकर अभिभाषण के लिए व्यक्त करेंगे आभार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता आज सुबह 10 बजे दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से भेंट कर उन्हें 25 फरवरी 2025 को विधानसभा में दिए गए अभिभाषण के लिए सदन की ओर से औपचारिक रूप से आभार व्यक्त करेंगे। विधानसभा में पहले ही एक प्रस्ताव पारित किया जा चुका है, जिसमें उपराज्यपाल के अभिभाषण की सराहना की गई है। नियम 19(7) के तहत अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता व्यक्तिगत रूप से एक औपचारिक पत्र सौंपेंगे और सदन की ओर से उनके अभिभाषण के प्रति सम्मान प्रकट करेंगे। गुप्ता ने कहा किउपराज्यपाल का अभिभाषण दिल्ली के विकास और सुशासन के रोडमैप को लेकर महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान करता है। सदन की ओर से उनका आभार व्यक्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है।

## आप नेताओं ने प्रदर्शन करने का खोज लिया है नया रोजगार : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली की सत्ता से हटने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता बेरोजगार हो चुके हैं और इसलिए अब उन्होंने मनगढ़ंत मुद्दे बनाकर प्रदर्शन करने का रोजगार खोज लिया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि विधानसभा में भाजपा सरकार द्वारा सीएजी (कैग) की दो रिपोर्ट विधानसभा पटल पर रखे जाने के बाद आम आदमी पार्टी और उनके सभी विधायक सिर्फ प्रदर्शन कर अपने भ्रष्टाचार से दिल्ली के लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि हमने विधानसभा चुनाव में संकल्प लिया था कि विधानसभा की पहली बैठक में ही कैग की रिपोर्ट को रखेंगे और आज जब रिपोर्ट सामने आ गई है तो अरविंद केजरीवाल पूरी तरह से गायब है और उनके विधायक झूठे प्रदर्शन कर जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी जनता उनसे पूछना चाहती है कि आखिर आबकारी नीति को क्यों वापस लिया, कमिशन क्यों बढ़ाएं गए। वही, सचदेवा ने कहा कि हमारे पास तीन साल का पांचवां लक्ष्य है, लेकिन हम उससे पहले ही उसे पूरा कर लेंगे, पानी में क्रूज चलेंगे और यमुना वाटर फ्रंट बनाया जाएगा।

### पूर्वांचल मोर्चा द्वारा आयोजित स्वागत एवं अभिनन्दन कार्यक्रम में सीएम ने जताया आभार

# भाजपा सरकार अपने किए हुए हर एक वादे को अगले पांच साल में पूरा करके दिखाएगी : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में अब बारी भाजपा की दिल्ली सरकार की है अब भाजपा सरकार अपने किए हुए हर एक वादा को अगले पांच साल में पूरा करके दिखाएगी। दिल्ली के हर क्षेत्र में विकास और मोदी की गारंटी पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में नव निर्वाचित मुख्यमंत्री व सभी मंत्रियों के स्वागत एवं अभिनन्दन कार्यक्रम के आयोजन पर मौजूद लोगों के बीच यह संबोधन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने विकसित दिल्ली को पूरा करेगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले जब जब भ्रष्टाचार की परत खुली तभी आम आदमी पार्टी सरकार का विरोध किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने फिर एक बार दिल्ली कि जनता और विशेष कर पूर्वांचल के कार्यकर्ता और मतदाताओं का यहां पर आभार प्रकट किया। बता दें कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा की उपस्थिति में की। कार्यक्रम दिल्ली प्रदेश पूर्वांचल मोर्चा के तरफ से चुनाव में पूर्वांचलियों की अहम भूमिका और दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार बनने के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा, सरदार मजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह व सांसद मनोज तिवारी मौजूद रहे।



### दिल्ली को विश्व का सबसे खूबसूरत शहर बनाएंगे : सचदेवा

यहां अभिनंदन कार्यक्रम के मौके पर प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि संगठन और भाजपा सरकार मिलकर दिल्ली को विश्व का सबसे खूबसूरत शहर बनाएंगे, मुख्य काम यमुना मईया की पूर्ण सफाई और वहां छठ पूजा का आयोजन करना है। उन्होंने पूरी दिल्ली में पूर्वांचल मोर्चा और पूर्वांचल के वोटर का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इनके बिना दिल्ली में भाजपा का सरकार बनना मुश्किल था। वहीं, सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि सत्ता में हम 27 साल बाद भले लौटे हों पर ये जीत 32 साल बाद यानी 1993 के बाद हमें मिली है और अपने कविता के अंदाज में तिवारी ने कहा कि सब रेखाओं और समय का खेल है और हमारी रेखा आज मुख्यमंत्री बनी।

### हमारी सरकार 24 घंटे दिल्ली के विकास के लिए कर रही है काम : प्रवेश

कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार 24 घंटे दिल्ली के विकास के लिए कार्य कर रही है, सड़क, गंदे पानी, सिवर से सम्बन्धित कोई भी समस्या अगर किसी क्षेत्र में सामने आती है तो उसके लिए 24 घण्टे हम कार्य करने को तैयार हैं, जल्द ही इन समस्याओं से समाधान के लिए 4 डिजिट का हेल्प लाइन नंबर जारी किया जायेगा।

### पूर्वांचल के लोग भाजपा को दे रहे हैं अपना पूरा समर्थन

प्रदेश कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस मौके पर संतोष ओझा ने कहा कि दिल्ली हो या देश का कोई भी क्षेत्र पूर्वांचल के लोग जाति से ऊपर उठ कर सिर्फ भाजपा को अपना पूरा समर्थन दे रहे हैं, उन्हें पीएम मोदी पर पूरा भरोसा है और आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा एनडीए 225 सीट जीत कर बिहार में सरकार बनाएगी। यहां बताया गया कि सभी नेताओं ने एक स्वर में दिल्ली प्रदेश पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष संतोष ओझा की मेहनत और दिल्ली में भाजपा के प्रति पूर्वांचल के वोटरों के समर्थन की सराहना की।

## जल्द होगी युवा प्रदेश कांग्रेस की टीम चुस्त दुरूस्त, स्टेट एग्जीक्यूटिव बैठक में संगठन को लेकर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनावों में मिली करारी हार के बाद प्रदेश कांग्रेस ने बेशक अभी तक संगठन सुधार के लिए कोई पहल नहीं की हो, लेकिन युवा प्रदेश कांग्रेस में हलचल शुरू होने लगी है। प्रदेश युवा कांग्रेस की शनिवार को अखिल भारतीय युवा कांग्रेस कार्यालय में हुई स्टेट एग्जीक्यूटिव बैठक में संगठन को लेकर चर्चा हुई। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के अलावा प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकरा सहित अन्य मौजूद थे। युवा कांग्रेस के सूत्रों की मानें तो इस बैठक में सबसे अधिक चर्चा विधानसभा चुनाव में मिली हार को लेकर हुई। वहीं निगम की खाली सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष यादव ने युवाओं से कहा कि विधानसभा चुनाव से ठीक पहले हुए छात्र संगठन चुनाव में एनएसयूआई को बड़ी सफलता मिली। लेकिन विधानसभा चुनावों में बेहतरीन तरीके से चुनाव लड़ने के बाद भी हमें आशा के विपरीत परिणाम का सामना करना पड़ा। हमें इस हार से सबक लेकर अब अपनी पूरी ताकत आगामी निगम के उप चुनाव पर लगानी चाहिए। युवाओं की एकता में बहुत शक्ति है, इसे बनाकर ही आगे बढ़ना होगा। वहीं प्रदेश युवा अध्यक्ष लाकरा ने कहा कि संगठन को और अधिक चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए जल्द ही कुछ नए कदम उठाए जाएगें। कांग्रेस के साथ अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य तय किया जाए और उसके अनुसार ही अगली रणनीति के तहत कार्य शुरू होगा।

# आज से शुरू हो रहा है निगम का बजट सत्र, की जाएगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- बजट सत्र में आयोजित होंगी चार दिन बैठकें
- इस बार 17 हजार करोड़ रुपए का पेश किया गया बजट

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) मुख्यालय सिविक सेंटर में विशेष बैठक में बजट सत्र आज सोमवार से शुरू हो रहा है, जो 19 मार्च तक चलेगा। इस दौरान चार दिन बैठकें आयोजित की जाएगी, जिनमें बजट से संबंधित चर्चा होगी और महत्वपूर्ण सुझाव पेश किए जाएंगे। बजट सत्र की पहली बैठक में नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह बजट को लेकर अपने सुझाव देंगे। इसके बाद 10 और 12 मार्च को होने वाली बैठकों में पार्षद अपनी राय और संशोधन प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। अंतिम बैठक 19 मार्च को होगी, जिसमें बजट को अंतिम रुप दिया जाएगा।

बता दें कि एमसीडी के इस बजट सत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था, जल निकासी, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर खर्च आदि पर चर्चा के माध्यम से रूपरेखा तय की जाएगी। इसके अलावा कर नीतियों, नई योजनाओं और अन्य वित्तीय प्रस्तावों पर भी चर्चा होने की संभावना है। हालांकि कर तय कर दिए गए है। एमसीडी के एक्ट के अनुसार 15 फरवरी तक करों की दरें तय करना अनिवार्य है, जबकि मदों की राशि 31 मार्च तक तय की जा सकती है। नेता विपक्ष की ओर से बजट के संबंध में सुझाव देने के दौरान आप सरकार को कटघरे में खड़ा करने की संभावना है। इसके अलावा वह बहुमत नहीं होने का हवाला देते हुए महापौर से त्याग पत्र की भी मांग कर सकते है। इस कारण बजट सत्र के दौरान सत्ता दल आम आदमी पार्टी और प्रमुख विपक्ष दल भाजपा के बीच तीखी बहस या हंगामा होने की संभावना है।

इसके साथ ही बता दें कि निगम के आयुक्त अश्विनी कुमार द्वारा 13 फरवरी 2025 को पेश किए गए इस बार के बजट में 318 करोड़ रुपए बढ़ोतरी की गई है। पिछली बार 2024-25 में जहां 16 हजार 683 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया था, वहीं इस बार यह 17 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया है। बजट भाषण के दौरान आयुक्त अश्विनी ने बताया कि निगम की 14 हजार करोड़ रुपए की देनदारी है और विभिन्न माध्यमों से आय को बढ़ाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

## हम यमुना की सफाई और महिला सम्मान को कृतसंकल्प हैं : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। ईश्वर की कृपा से दिल्ली में सनातनी सरकार है और हारे के सहारे श्याम सरकार की आशीष से हम दिल्ली के निर्माण, यमुना की सफाई और महिला सम्मान को कृतसंकल्प हैं। श्री श्याम कृपा मंडल खारी बावली, दिल्ली द्वारा रविवार को अपने 21वें वार्षिक श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के आयोजन फतेहपुरी स्थित नेशनल क्लब में पहुंची दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह बातें कही। इस अवसर पर श्रद्धेय पूनम दीदी (वृंदावन), महाराज चित्र विचित्र (वृंदावन), हरमहेन्द्र सिंह रोमी (झारखंड), श्री श्याम मंदिर दिल्ली के बबली महाराज के अलावा हर्षिता रस्तोगी और रिंकू गोयल के संकीर्तन का श्याम भक्तों के साथ दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसदों योगेन्द्र चंदोलिया, कमलजीत सहरावत एवं बांसुरी स्वराज, दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा के अलावा अनेक विधायकों ने भी आनंद लिया। श्री श्याम कृपा मंडल की ओर से पदाधिकारियों ने गणमान्य भजन गायकों एवं विशेष अतिथियों का स्वागत किया।

## तीन बैठकों के लिए निलंबित विपक्ष के 21 सदस्य सदन में पहुंचेंगे आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के मौजूदा सत्र के आखिरी दिन सदन में गरमा गरम बहस देखने को मिलेगी। दिल्ली में पानी की कमी, जलभराव और सीवर जाम जैसे मुद्दों पर सदन में पक्ष और विपक्ष के सदस्य आमने सामने आ सकते हैं। वहीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा पेश सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन पर सीएजी की रिपोर्ट पर जारी चर्चा से भी माहौल गरम रहना तय है। दरअसल उपराज्यपाल अभिभाषण के दौरान प्रदर्शन करने के बाद सदन से निलंबित विपक्ष के 21 सदस्य भी सोमवार को सदन में पहुंचेंगे। सदन में पूर्व सरकार के कामकाज पर जब चर्चा होगी तो जाहिर है विपक्षी और सत्तापक्ष के सदस्य एक बार फिर आमने-सामने होंगे। तय समय अनुसार सोमवार को सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी और उसके बाद सदस्य नियम 280 (विशेष उल्लेख) के तहत अपने-अपने क्षेत्रों के मामले सदन में उठाएंगे। वहीं सदन पटल पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा कैग की एक अन्य रिपोर्ट का भाग पेश किया जाएगा। इसके बाद दिल्ली में पानी की कमी, जलभराव, सीवर जाम तथा नालों की गाद के संबंध में अल्पकालिक चर्चा की जाएगी।

# 'सरकार कर रही है कि दिल्ली की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में बदलाव की तैयारी'

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए जल्द ही कुछ प्रायोगिक परियोजनाएं की जाएंगी शुरू : पंकज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुधारने के लिए दिल्ली सरकार बड़े बदलाव की तैयारी में जुट गई है। इसके तहत जल्द ही कुछ प्रायोगिक परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। एक साक्षात्कार में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा है कि कई सुधारों की योजना बना रही है, जिसमें अस्पतालों के बुनियादी ढांचे और प्रबंधन में सुधार के लिए एक प्रायोगिक परियोजना भी शामिल है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए जल्द ही कुछ प्रायोगिक परियोजनाएं शुरू की जाएंगी, जिनमें पॉलीक्लिनिक भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पॉलीक्लीनिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे तथा मरीजों का डेटा भी एकत्र करेंगे। सिंह ने कहा कि सरकार चिकित्सकों और स्वास्थ्य पेशेवरों की भर्ती करके कर्मचारियों की कमी को दूर करेगी।

स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रभावी उपचार सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली सरकार के अस्पतालों को उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं दी जाएंगी। दिल्ली की नई भाजपा सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में इस योजना को मंजूरी दे दी। पिछली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के दौरान आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना दिल्ली में लागू नहीं थी। मंत्रिमंडल ने योजना के प्रत्येक लाभार्थी के लिए 10 लाख रुपये के स्वास्थ्य देखभाल कवरेज को भी मंजूरी दी, जिसमें केंद्र और दिल्ली सरकार 5-5 लाख रुपये का योगदान देंगे। सिंह ने बताया कि अगले छह महीने में दिल्ली के स्वास्थ्य सेवा ढांचे में धीरे-धीरे सुधार होगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में हम आवश्यक सुधारों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। दूसरे चरण में हम बड़ी परियोजनाएं शुरू करेंगे।

सिंह ने कहा कि कई प्रमुख सरकारी अस्पतालों की पहचान की गई है ताकि उनकी स्थिति में सुधार किया जा सके। उन्होंने कहा कि एक चिकित्सक के रूप में, मैं चिकित्सा पेशेवरों के सामने आने वाली चुनौतियों को समझता हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि चिकित्सकों को मरीजों की बेहतर सेवा करने के लिए आवश्यक सुविधाएं मिलें।

## दिल्ली समर एक्शन प्लान-2025 तत्काल प्रभाव से किया जाए लागू : आशीष सूद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने रविवार को ऊर्जा विभाग और बिजली कंपिनयों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर तत्काल प्रभाव से समर एक्शन प्लान 2025 लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सभी क्षेत्रों में सभी लोगों को सुचारू और निर्बाध तरीके से बिजली उपलब्ध कराना दिल्ली सरकार के एजेंडा में है।

गौरतलब है कि रविवार को दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली सचिवालय में ऊर्जा विभाग और दिल्ली की बिजली कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ के साथ समर एक्शन प्लान 2025 के कार्यान्वयन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने इस बैठक ऊर्जा विभाग और सभी हितधारकों को निर्देश दिए कि दिल्ली में ग्रीष्म ऋतु आने के साथ-साथ बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अभी से प्रभावी और तत्कालिक कदम उठाए जाएं। ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने बैठक के बाद बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए बिजली की सुचारू और नियमित आपूर्ति के लिए ऊर्जा विभाग और अन्य हित धारक कंपनियों को कई निर्देश दिए गए। उनको कहा गया कि वह समर एक्शन प्लान 2025 पर तत्काल प्रभाव से काम करना चालू कर दें। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सभी क्षेत्रों में सभी लोगों को सुचारू और निर्बाध तरीके से बिजली उपलब्ध कराना दिल्ली सरकार के एजेंडे में है। उन्होंने कहा कि हर 15 दिन में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की जाएगी। जिसमें पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के संबंध में प्रगति रिपोर्ट पर कार्यवाही की जाएगी।

## पलाश फ्लावर शो 2025 के अंतिम दिन भारी संख्या में पहुंचे लोग

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा चलाए गए पांच दिवसीय पलाश फ्लावर शो 2025 के अंतिम दिन रविवार को भारी संख्या में लोग पहुंचे और विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार यमुनापार में दूसरे चरण के तहत तीन दिवसीय पलाश फ्लावर शो का आयोजन चल रहा था, जिसका आज वीकेंड पर समापन हुआ। मयूर विहार फेज तीन स्थित स्मृति वन में शो के अंतिम दिन जहां लोगों ने बढ़ चढ़कर पलाश फ्लावर शो का अवलोकन किया। वहीं डीडीए द्वारा आयोजित योगा क्लास, बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, ओरेगामी प्रतियोगिता आदि का आयोजन हुआ। वहीं मौके पर ही विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। डीडीए की तरफ से बताया गया कि स्मृति वन में ड्रैगनफ्लाई वॉक का आयोजन भी किया गया प्रतिभागियों ने ड्रैगनफ्लाई की जीवंत दुनिया की खोज की, पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी भूमिका और जैव विविधता की सुंदरता के बारे में बेहद नजदीक से जाना। शो में पहुंचे लोगों का कहना है कि बसंत के मौसम की एक सुन्दर झांकी इस समय स्मृति वन में देखने को मिल रही है। यहां डीडीए द्वारा आयोजित पलाश 2025 के कारण एक उत्सव सा माहौल बना हुआ है। क्षेत्रवासी, विशेषकर पूर्वी दिल्ली के लोग इस आयोजन से बहुत खुश हैं और उन्होंने कहा कि यहां भविष्य में भी ऐसे उत्सव होते रहने चाहिए।



**खबर संक्षेप**

## नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने वाला धराया

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपनी टेलिफोनिक दोस्त को मेट्रो स्टेशन



के पास बुलाया और वहां से होटल में ले जाकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया फरार हो गया। युवती ने यह भी आरोप लगाया है कि युवक ने उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली थी और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा था।

## ज्वेलरी ले जाने के मामले में दो को पकड़ा

**गुरुग्राम।** सेक्टर-5 थाना एरिया में पेमेंट का फर्जी मैसेज भेजकर ज्वेलरी शॉप से ज्वेलरी ले जाने के



मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने पहले भी धोखाधड़ी करने की दो अन्य वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों से दो सोने की बालियां, एक मोबाइल फोन व एक स्कूटी बरामद की है। सेक्टर-5 थाना पुलिस में एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि उसकी अशोक विहार फेज-3, गुरुग्राम में ज्वेलरी की दुकान है।

## एमडीएमए सहित एक को किया गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सिकंदरपुर क्राइम ब्रांच ने 30 लाख रुपए से ज्यादा के



एमडीएमए सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 153 ग्राम अवैध एमडीएमए बरामद कर उसके खिलाफ थाना डीएलएफ फेज-3, गुरुग्राम में केस दर्ज कर लिया। दरअसल, सिकंदरपुर क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि डीएलएफ फेज-3 एरिया में एक युवक अवैध मादक पदार्थ लेकर घूम रहा है। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर दबिश मारते हुए युवक को अवैध मादक पदार्थ सहित धर दबोचा।

# राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन का होली मंगल मिलन समारोह 8 मार्च को

## हास्य कवि सम्मेलन, रासलीला और फूलों की होली रहेगी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा शनिवार 8 मार्च को होली मिलन मंगल समारोह का आयोजन राजनगर के रामलीला मैदान में किया जाएगा।

समारोह को लेकर रविवार को संस्था के अध्यक्ष सीए डी के गोयल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष सीए डी के गोयल ने बताया कि होली मंगल मिलन समारोह में हास्य कवि सम्मेलन आकर्षण का केंद्र रहेगा। वृंदावन की प्रसिद्ध मंडली द्वारा प्रस्तुत बृज की रासलीला सभी को मंत्रमुग्ध कर देगी। तो फूलों की होली सभी को भगवान कृष्ण और राधा महारानी के रंग में रंग देगी।

संस्था के महामंत्री अमरीश कुमार त्यागी और कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्यागी ने बताया कि होली मंगल मिलन समारोह सायं 5.30 से शुरू हो जाएगा और रात्रि 9.30 तक चलेगा।

**खास बातें**

- वृंदावन की प्रसिद्ध मंडली द्वारा प्रस्तुत बृज की रासलीला सभी को मंत्रमुग्ध कर देगी।
- होली मंगल मिलन समारोह सायं 5 .30 से शुरू होकर रात्रि 9 .30 तक चलेगा।



**यह लोग उपस्थित रहे**

*वरिष्ठ समाजसेवी योगी देवेन्द्र हितकारी ने बताया कि समारोह को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। संस्था के सभी पदाधिकारियों और राजनगर वासियों के सहयोग से समारोह यादगार साबित होगा। पूर्व अध्यक्ष दीपक कांत गुप्ता, उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता, डॉ एस एस पुरी, संयुक्त सचिव पंकज भारद्वाज, ओम प्रकाश भोला, ऑडिटर सहदेव भारद्वाज, चीफ कन्वीनर जी पी अग्रवाल, लीगल एडवाइजर राजबीर त्यागी, वीरेंद्र सारस्वत आदि बैठक में उपस्थित थे।*

## सामान्य पर्यवेक्षक अनीता यादव व जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

# जिला प्रशासन की सजगता व सतर्कता से ननि चुनाव शांतिप्रिय ढंग से संपन्न, 40 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद चुनाव के मद्देनजर रविवार को जिला प्रशासन द्वारा की गई योजनाबद्ध व्यवस्था के फलस्वरूप मतदान प्रक्रिया शांतिप्रिय ढंग से संपन्न हुई। फरीदाबाद में आज आयोजित हुए नगर निगम के चुनाव में छह मेयर उम्मीदवार क्रमशः भाजपा से प्रवीण जोशी, कांग्रेस से लता चंदीला, बहुजन समाज पार्टी से एडवोकेट मनसा पासवान, आम आदमी पार्टी से निशा दलाल फौजदार, आजाद उम्मीदवार अंजना शर्मा व संगीता यादव सहित 45 वार्डों के 214 पार्षद प्रत्याशियों के लिए मतदान हुआ जबकि एक वार्ड में भाजपा प्रत्याशी कुलदीप साहनी निर्विरोध चुनाव जीते है।

इस वार्ड में केवल मेयर प्रत्याशी के लिए मतदान हुआ है। कुछ क्षेत्रों छुटपुट झड़पों के बीच पूरी तरह से मतदान शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न हो गया और बूथों पर मशीन खराब होने की सूचना भी मिली। जिस समय रहते ठीक किया गया। निगम चुनाव में करीबन 40 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया। हालांकि मतदाता अपने मत डालने के लिए बूथों पर कम ही पहुंचे। दोपहर तक मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा मगर दोपहर के बाद कुछ मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की संख्या अच्छी-खासी देखी गई। वहीं पुलिस व जिला प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। कुछ सीटों पर आमने-सामने व कुछ सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला रहा। भाजपा, कांग्रेस, बसपा, आम आदमी पार्टी व निर्दलीय उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया।

निगम चुनाव में 14 लाख 70 हजार 687 मतदाता, 1302 बनाए गए मतदान केन्द्र फरीदाबाद नगर निगम में पुरुष मतदाताओं की संख्या 8,02,812 है तो महिला मतदाताओं की संख्या 6,67, 789 है। इनमें से 65 मतदाता थर्ड जेंडर हैं। नगर निगम चुनाव की सामान्य पर्यवेक्षक अनीता यादव व जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने नगर निगम फरीदाबाद के मतदाताओं द्वारा लोकतंत्र के इस महापर्व में शांतिप्रिय व व्यवस्थित ढंग से रविवार को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक नगर निगम फरीदाबाद में चली मतदान प्रक्रिया का सामान्य पर्यवेक्षक अनीता यादव और डीसी विक्रम सिंह ने जायजा लिया और पोलिंग पार्टियों को निर्वाचन आयोग की ओर से दी गई गाइडलाइन की अनुपालना प्रभावी रूप से करवाते हुए प्रोत्साहित किया।



**फरीदाबाद।** भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी अपने पति संदीप जोशी व अन्य परिजनों के साथ मतदान करने के बाद स्याही दिखाते हुए।

### डीसी और उनकी धर्मपत्नी ने मतदान करने का दिया संदेश

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह और उनकी धर्मपत्नी कनिका यादव ने सेक्टर 15 में स्थित विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में मतदान किया। मतदान करने उपरांत उन्होंने नगर निगम फरीदाबाद के मतदाताओं को चुनाव के पर्व में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का संदेश दिया। डीसी ने मतदाताओं को इस पुनीत अभियान में वोट के रूप में अपनी आहुति डालने के लिए प्रेरित किया।

### प्रशासन की हर गतिविधि पर रही पारखी नजर

जिला प्रशासन की ओर से मतदान प्रक्रिया की हर गतिविधि पर पूरा फोकस किया गया। सभी 1302 मतदान केंद्रों पर चल रही मतदान गतिविधियों पर नजर रखी गई। डीसी विक्रम सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने पूरी जिम्मेदारी के साथ पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखते हुए सुव्यवस्थित ढंग से मतदान संपन्न कराने में अपनी भागीदारी निभाई।

### मतदान केंद्रों का डीसी ने किया निरीक्षण

डीसी विक्रम सिंह ने नगर निगम फरीदाबाद में बनाए गए विभिन्न मतदान केंद्रो का दौरा किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा निर्वाचन आयोग की ओर से दिए गए निर्देशों की अनुपालना प्रभावी रूप से की जा रही है और किसी भी मतदान केंद्रों पर नियमों की अवहेलना न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने मतदान केंद्रों पर मौजूद बीएलओज व पोलिंग एजेंट से भी बातचीत करते हुए नियमों की पालना करने के दिशा.निर्देश दिए।

## गुरुग्राम में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ निकाय का मतदान, फरूखनगर में 72 फीसदी मतदान रहा

**गुरुग्राम।** प्रदेश में रविवार को हुए स्थानीय निकाय चुनाव के चलते जिला गुरुग्राम में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। सांय छह बजे तक जिला में 40.6 फीसद मतदान हुआ। गुरुग्राम में हुए मतदान को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से पूर्ण कराने व कानून-व्यवस्था कायम रखने के लिए जिला में सुरक्षा के व्यापक व पुख्ता प्रबंध किए गए थे। वहीं डीसी अजय कुमार व पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा सहित अधिकारी समय-समय पर बूथों पर जाकर मतदान का जायजा लेते रहे। जिसके चलते छुट-पुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। जिला में गुरुग्राम व मानेसर नगर निगम के अलावा सोहना में नगर परिषद के साथ पटौदी व फर्रुखनगर में पालिका चुनावों के लिए लोगों ने मतदान किया। फर्रुखनगर में लोगों ने सबसे ज्यादा 72 फीसद मतदान किया। वहीं पटौदी में भी लोगों ने 62.8 फीसद मतदान किया। जबकि मानेसर नगर निगम में भी लोगों में मतदान के लिए खासा उत्साह रहा। यहां 62.8 फीसद मतदान हुआ।




### डीसी एवं सीपी ने किया दौरा

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अजय कुमार व पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने रविवार को विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सबसे पहले मतदान केंद्र पर बूथ सेट-अप की जांच की। साथ ही मतदान केंद्रों पर दी जा रही सुविधाओं व सुरक्षा इंतजामों के बारे में मतदाताओं से फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गढ़ी, हरसरू, वजीरपुर व झुंड सराय में बने मतदान केंद्रों का जायजा लिया। उपायुक्त (डीसी) अजय कुमार ने मतदान केंद्रों की सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था के अलावा मतदाताओं के बैठने के लिए बनाए गए आराम कक्ष और अन्य मूलभूत सुविधाओं का आंकलन किया।

### डीसी ने की मतदान की अपील

जिला में 1109 मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियां रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए शनिवार शाम से ही अपने बूथ पर मोर्चा संभाले तैनात रही। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने सभी पोलिंग पार्टियों व उनके साथ तैनात सुरक्षा कर्मियों को वोटिंग संपन्न होने तक बूथ न छोड़ने के आदेश दिए।

# कम पैसे में विदेश यात्रा का झांसा देकर 50 लाख की ठगी करने वाला आरोपी धराया

## थाईलैंड टूर पैकेज के नाम पर गुरुग्राम के कपल से की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

उद्योग विहार एरिया में सस्ती विदेश यात्रा का झांसा देकर 50 लाख रुपए की ठगी करने के आरोपी को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने थाईलैंड टूर पैकेज के नाम पर गुरुग्राम के कपल से ठगी की थी। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर पांच दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया है।

दरअसल, उद्योग विहार थाना में गुरुग्राम के एक कपल ने शिकायत दी कि उन्होंने नवंबर-2024 में फेयर फ्यूल होलीडे प्राइवेट लिमिटेड




नामक ट्रैवल कंपनी से थाइलैंड घूमने के लिए पैकेज बुक किया था। जिसके बदले में इन्होंने रुपए भी ट्रांसफर कर दिए थे। इसके बावजूद कंपनी मालिक ने इनका फोन नहीं उठाया और ई-मेल का जवाब देना बंद कर दिया। कंपनी ने उनसे रुपए तो ले लिए, लेकिन उनका विदेश जाने का कोई पैकेज बुक नहीं किया।

कम्पनी ने और भी कई लोगों से इसी तरह से धोखाधड़ी की है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु करते हुए एक आरोपी को दिल्ली के मोहन गार्डन से काबू कर लिया। जिसकी पहचान बिहार के सहरसा निवासी सूर्यकांत झा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर पांच दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया है।

### आरोपी पहले भी हो चुका है गिरफ्तार

उद्योग विहार थाना प्रभारी बलराज ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी ट्रैवल कंपनी के नाम से ऑफिस खोलता है। वहां पर लोगों को विदेश भेजने के पैकेज देने के नाम पर रुपए लेता है। लेकिन, विदेश जाने की कोई व्यवस्था नहीं करता। आरोपी ने इसी प्रकार दिल्ली में भी ऑफिस कर रखा है। साइबर क्राइम गुरुग्राम की पुलिस ने वर्ष-2019 में धोखाधड़ी के मामले आरोपी को गिरफ्तार किया गया था।

# मानवाधिकार आयोग के सदस्य ने किया उदयन केयर होम फॉर गर्ल्स का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मानवाधिकार आयोग के सदस्य बृज भूषण ने रविवार को महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत पंजीकृत स्वैच्छिक संगठन द्वारा संचालित उदयन केयर होम फॉर गर्ल्स का निरीक्षण किया। उन्होंने आवासित बालिकाओं के रहने खाने, स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, पुनर्वास आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। बालिकाओं ने अपने हाथ से बनाई गई पेंटिंग व गुलदस्ता देकर स्वागत किया। संस्था प्रभारी से बालिकाओं के स्कूल में पंजीकरण कराए जाने एवं सभी के आधार कार्ड की स्थिति के साथ ही बालिकाओं को परिवार में पुनर्वास कराए जाने पर विशेष ध्यान दिया जाने के निर्देश दिए । निरीक्षण के समय जिला बाल संरक्षण इकाई से सागर श्रीवास्तव संरक्षण अधिकारी संस्थागत, जितेन्द्र कुमार संरक्षण अधिकारी, लोकेंद्र सिंह विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, स्वैच्छिक संगठन से स्वाति रॉय, सहायक निदेशक, अनन्या बनर्जी प्रभारी अधीक्षिका, संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारी एवं संस्था के स्टाफ उपस्थित हुए।

# मोदीनगर में बधाई वसूली को लेकर किन्नरों के दो गुटों में खूनी संघर्ष में ढोलकिया की मौत

## वसूली को लेकर हुआ था विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मोदीनगर थाना क्षेत्र स्थित सीकरी कला गांव के पास बधाई वसूली को लेकर किन्नरों के दो गुटों में संघर्ष हो गया। इस दौरान एक किन्नर के साथ ढोलक वाले युवक (ढोलकिया) की धारदार हथियारों से नृशंस हत्या कर दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचने के बाद जांच पड़ताल शुरू करदी है। इस मामले में करीब 15 किन्नरों व उनके साथियों के खिलाफ मोदीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एसीपी मोदीनगर ज्ञानेंद्र प्रकाश राय ने बताया कि मोदीनगर क्षेत्र में बधाई वसूली को वसूली को लेकर किन्नर पूजा में एक अन्य गुट के बीच विवाद चल रहा है।



शनिवार की देर रात में किन्नर पूजा अपने 20 वर्षीय ढोलक बजाने वाले युवक व अन्य किन्नरों के साथ सीकरी कला गांव के पास जा रही थी। तभी गाड़ियों में सवार किन्नरों के अन्य गुट ने पूजा व उसके साथियों पर हमला कर दिया। इसके बाद दोनों गुटों के बीच जमकर संघर्ष हुआ और धारदार हथियार भी चले। इसमें 20 वर्षीय अल्बख्श नामक युवक की मौत हो गई । वह पास के गांव मछली का रहने वाला है। इस संबंध में किन्नर अहसान, मोईद, निशा, सरताज व रामानंद मिश्रा समेत 15 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

# परिवार को बंधक बनाकर नकाबपोश बदमाशों ने डाली डकैती, डीवीआर उखाड़कर ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-9 थाना एरिया में मतदान से एक दिन पूर्व जहां पुलिस शहर और मतदान की सुरक्षा कर रही थी वहीं, हथियारबंद बदमाश एक परिवार को बंधक बनाकर डकैती की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। नकाबपोश बदमाशों ने परिवार के साथ मारपीट भी की और सीसीटीवी की डीवीआर भी साथ ले गए।

सूचना मिलते ही सेक्टर-4 चौकी पुलिस सहित क्राइम ब्रांच की टीमें मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक, सेक्टर-4 के मकान नंबर 963 में डॉक्टर कृष्ण चंद खुराना अपने परिवार के साथ रहते हैं। शनिवार रात को करीब आठ बजे वह अपनी पत्नी मंजू के और दो मेड कुमकुम और मुस्कान के साथ घर पर मौजूद थे। मंजू खाना खा रही थी और मेड किचन में थी। तभी करीब



आधा दर्जन नकाबपोश हथियारबंद बदमाश उनके घर में घुस गए जिन्होंने सभी को काबू कर लिया। आरोप है कि बदमाशों ने मंजू और कृष्ण चंद खुराना को एक कमरे में बंद कर मारपीट शुरू कर दी जबकि दोनों मेड को उन्होंने बाथरूम में बंद कर दिया। इन सभी के साथ उन्होंने मारपीट की तो महिलाएं चिल्लाने लगी जिसके बाद बदमाशों ने मारपीट करते हुए सभी को गन पॉइंट पर ले लिया और गहने, नकदी लूट ली। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि इसी दौरान उनका बेटा संचित भी घर आ गया जिसे भी बदमाशों ने बंधक बनाकर मारपीट करनी शुरू कर दी। वारदात के बाद आरोपियों ने घर में लगे सीसीटीवी की डीवीआर उखाड़ ली और मौके से फरार हो गए। जाते हुए आरोपी घर के गेट को बाहर से बंद कर गए। किसी तरह संचित ने खुद को बंधन मुक्त किया और छत के रास्ते से पड़ोसियों के घर जाकर अपने भाई राजीव को पूरा घटनाक्रम बताया और घर का गेट खोला। इस बारे में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

### पतंग उड़ा रहा बच्चा छत से गिरा, मौत

**गुरुग्राम।** सेक्टर-9 थाना एरिया के लक्ष्मण विहार में पतंग उड़ाते हुए एक दस साल का बच्चा छत से गिर गया। जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। धनवापुर रोड पर लक्ष्मण विहार क्षेत्र में बीते शनिवार की दोपहर बाद करीब चार बजे 10 साल का भविष्य पतंग उड़ा रहा था। इसी दौरान वह छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने भविष्य को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान देर शाम लगभग सात बजे मौत हो गई। पुलिस द्वारा मृतक बच्चे के परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं। जांच अधिकारी मोहम्मद शरीफ ने बताया कि सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल से सूचना मिली कि इलाज के दौरान 10 साल के बच्चे की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में पहुंचाया।

## गाजियाबाद में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उत्तराखंड के सीएम

# प्रवासियों को उनके उत्तराखंड स्थित पुश्तैनी गांव, पहाड़ों के विकास में सहभागी बनना चाहिए : पुष्कर धामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को यहां प्रवासियों को उनके उत्तराखंड स्थित पुश्तैनी गांव, पहाड़ों के विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया।

पुष्कर सिंह धामी रविवार को इन्द्रापुरम में पर्वतीय प्रवासी जन-कल्याण समिति गाजियाबाद द्वारा आयोजित 'उत्तरैंणी-मकरैंण महोत्सव' में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अपनी पैतृक भूमि में निवेश कर वहां स्वरोजगार, लघु उद्योगों को बढ़ावा देकर अपनी जन्मभूमि को आगे बढ़ाना है। राज्य सरकार ने प्रवासी भाई बहनों के साथ सम्मेलन कर राज्य के विकास को लेकर भी चर्चा की। पूरे देशभर में रहने वाले हमारे



प्रवासी भाई बहन उत्तराखंड आए थे, और उनसे कई विषयों पर मंथन हुआ। प्रवासी उत्तराखण्डियों ने अपने गांव को भी गोद लिया है। जिससे वो उत्तराखंड के विकास में सहभागी बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरैंणी-मकरैंण महोत्सव महोत्सव उत्तराखंड की संस्कृति वेशभूषा खानपान और अपनेपन का संगम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के महोत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत लोक कला लोक संगीत को बढ़ावा देने के साथ उत्तराखंडी प्रवासियों को प्रेम के एक सूत्र में पिरोने का भी कार्य करते हैं। महोत्सव में पारंपरिक हस्तशिल्प, जैविक उत्पाद और उत्तराखंडी व्यंजनों को भी प्रदर्शित किया गया है। जो इन उत्पादों को नई पहचान देंगे। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास और विरासत को साथ में बढ़ाया जा रहा है। देश में बड़े धार्मिक स्थलों का विकास / पुनर्निर्माण किया जा रहा है। काशी विश्वनाथ, उज्जैन महाकाल लोक, अयोध्या में श्री राम मंदिर परिसर का भी भव्य दिव्य परिसर बना है। उन्होंने कहा उत्तराखंड राज्य सरकार ने विकास के साथ सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण का भी कार्य किया है। राज्य में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी जैसे अनेकों क्षेत्रों में विकास कार्य जारी हैं।

### 3 सालों में 20 हजार से ज्यादा लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में इकोलॉजी और इकनॉमी में समन्वय बनाकर विकास को आगे बढ़ाया जा रहा है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की सूची में राज्य को प्रथम स्थान मिला है। राज्य से नकल माफियाओं को उखाड़ फेंकने का कार्य राज्य सरकार ने किया। अब प्रतिभावान छात्रों को रोजगार मिल रहा है। बीते 3 सालों में 20 हजार से ज्यादा लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। राज्य के संकल्प अनुसार हमने अब तक 20 हजार सरकारी नौकरियां देने का कार्य किया है। उत्तराखंड की डेमोग्राफी बचाए रखने के लिए धर्मांतरण कानून लागू किया गया है। राज्य ने सख्त दंगारोधी कानून लागू हो गया है।

